हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

11 आरपीएस के अंशु व राहुल कॉमर्स ओलंपियाड...



12 महेंद्रगढ़ नपा को मिलेगा नया भवन, 4.36 करोड़ होंगे खर्च



## खबर संक्षेप

### मिड डे मील वर्कर आज करेंगे प्रदर्शन

**नारनौल।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी की ओर से दो जनवरी को लघु सचिवालय लम्बित मांगों को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला प्रधान सुनीता व जिला सचिव सन्तोष यादव ने बताया कि प्रदर्शन को एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह सम्बोधित करेंगे। उप प्रधान संतोष पालड़ी, ब्लाक प्रधान हेमलता, प्रेमलता, माया, सुमित्रा, लक्ष्मी देवी, पूर्व प्रधान बिमला, अजीता, पुष्पा, मनीषा, सुशीला, स्नेहलता ने जिले की मिड डे मील कार्यकर्ताओं से 11 बजे लघु सचिवालय पंहुचने की अपील की है।

### उच्चत में 3 किसानों के 25 एल्यूमीनियम पाइप चोरी

**कनीना।** गांव उच्चत में तीन किसानों के 25 एल्यूमिनियम पाइप अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस बारे में बव्वा के किसान मनीष कुमार ने सदर थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 31 दिसंबर की सायं के समय अपने खेत में फसल सिंचाई के लिए गया, तो 10 पाइप कम मिले। उन्होंने अपने पड़ोसी किसान संजीव कुमार वासी नया गांव से पाइप के लिए संपर्क किया, तो उनके भी 10 पाइप कम मिले। इसके अलावा तीसरे पड़ोसी राजीव से मामुल किया, तो उन्होंने भी पांच पाइप गायब होना बताया। किसानों ने बताया कि चोरों द्वारा पेड़ में उलझाकर पाइप तोड़े जाने व रस्सी से बांध कर गाड़ा में डालकर ले जाने के निशान मिले हैं। मौके से पाइप का टुकड़ा, रबड व रस्सी बरामद भी हुई है।

### किसान के खेत से मोटर की केबल एवं पाइप चोरी

**नारनौल।** गांव नांगल सोडा में चोरों ने एक किसान के खेत में बने ट्यूबवेल से समर्सिबल मोटर की 300 फुट लंबी केबल और 10 प्लास्टिक पाइप चोरी कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नांगल सोडा निवासी कैलाशचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसने अपने खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर बिजली कनेक्शन ले रखा है। गत 29 व 30 दिसंबर 2025 की मध्य रात को अज्ञात व्यक्ति उसके ट्यूबवेल से समर्सिबल मोटर की केबल चोरी कर ले गए। इसके अलावा कुएं के पास रखे हुए 10 प्लास्टिक पाइप भी चोर उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर कैलाशचंद ने आसपास के खेतों में जाकर पड़ोसियों से पूछताछ की, लेकिन चोरी गए सामान का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने थाना नांगल चौधरी पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने मौका मुआयना भी किया और बताया कि आसपास के क्षेत्रों में घटित अन्य चोरियों को भी ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर चोरी गया सामान बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

---

### रेलवे ने अतिरिक्त यात्रियों को देखते हुए चलाई ट्रेन, रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी का संचालन आज से

# नए साल पर यात्रियों को बड़ा तोहफा, अब दौड़ी जयपुर-भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस

- रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी 2 जनवरी से 1 फरवरी तक व जयपुर-भिवानी-जयपुर का 1 से 31 जनवरी तक संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी दो जोड़ी व जयपुर-भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09633 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा दो जनवरी, तीन चार, 10, 11, 13, 17, 18, 22, 24, 25, 28, 31 जनवरी को (13 ट्रिप) रेवाड़ी से 22:50 बजे रवाना होकर अगले दिन 01:45 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09634 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा तीन जनवरी, चार पांच, 11, 12, 14, 18, 19, 23, 25, 26, 29 जनवरी व एक फरवरी को (13 ट्रिप) रींगस से 02:05 बजे रवाना होकर 05:10 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।



नारनौल रेलवे स्टेशन

| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 22.50 | रेवाड़ी | 05:10 | — |
| 23:19 | 23.21 | अटेली | 03:51 | 03:53 |
| 23:37 | 23.39 | नारनौल | 03:36 | 03:38 |
| 00:02 | 00.04 | डाबला | 03:13 | 03:15 |
| 00:24 | 00.26 | नीम का थाना | 02:51 | 02:53 |
| 00:41 | 00.43 | कावंट | 02:32 | 02:34 |
| 01:00 | 01.02 | श्रीमाधोपुर | 02:15 | 02:17 |
| 01:45 | — | रींगस | — | 02:05 |

*इस रेलसेवा में डेमू रैक के 16 डिब्बे होंगे।*

*लगेंगे 14 फेरे: गाड़ी संख्या 09637 रेवाड़ी-रींगस एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा एक जनवरी, तीन, चार, 10, 11, 14, 17, 18, 23, 24, 25, 26, 29 व 31 जनवरी को (14 ट्रिप) रेवाड़ी से 11 बजे रवाना होकर 14:20 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09638 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा एक जनवरी, तीन, चार, 10, 11, 14, 17, 18, 23, 24, 25, 26, 29 व 31 जनवरी को (14 ट्रिप) रींगस से 14:55 बजे रवाना होकर 18:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09638 रींगस-रेवाड़ी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा एक जनवरी, तीन, चार, 10, 11, 14, 17, 18, 23, 24, 25, 26, 29 व 31 जनवरी 2026 को (14 ट्रिप) रींगस से 14:55 बजे रवाना होकर 18:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।*

| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 11:00 | रेवाड़ी | 18:20 | — |
| 11:19 | 11:21 | कुंड | 17:16 | 17:18 |
| 11:28 | 11:30 | काठूवास | 17:07 | 17:09 |
| 11:40 | 11:42 | अटेली | 16:55 | 16:57 |
| 11:55 | 11:57 | नारनौल | 16:40 | 16:42 |
| 12:06 | 12:08 | अमरपुर जोरासी | 16:30 | 16:31 |
| 12:15 | 12:17 | निजामपुर | 16:20 | 16:22 |
| 12:28 | 12:30 | डाबला | 16:07 | 16:09 |
| 12:46 | 12:48 | मांवडा | 15:51 | 15:53 |
| 12:58 | 13:00 | नीम का थाना | 15:39 | 15:41 |
| 13:16 | 13:18 | कावंट | 15:21 | 15:23 |
| 13:32 | 13:34 | श्रीमाधोपुर | 15:05 | 15:07 |
| 14:20 | — | रींगस | — | 14:55 |

*इस रेलसेवा में 08 साधारण श्रेणी एवं गार्ड श्रेणी के 02 डिब्बो सहित कुल 10 डिब्बे होंगे।*

*लगेंगे 31 फेरे: गाड़ी संख्या 09733 जयपुर-भिवानी एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा एक जनवरी से 31 जनवरी तक (31 ट्रिप) जयपुर से प्रतिदिन 07:00 बजे रवाना होकर 14:20 बजे भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09734 भिवानी-जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल रेलसेवा एक जनवरी से 31 जनवरी तक (31 ट्रिप) भिवानी से प्रतिदिन 16:05 बजे रवाना होकर 23:25 बजे जयपुर पहुंचेगी।*

| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 07:00 | जयपुर | 23:25 | — |
| 07:07 | 07:10 | ढेहर का बालाजी | 22:29 | 22:32 |
| 07:20 | 07:22 | नींदर बैनाड | 22:11 | 22:13 |
| 07:37 | 07:39 | चौमू सामोद | 21:54 | 21:56 |
| 07:49 | 07:51 | गोविन्दगढ मलिकपुर | 21:42 21:44 | |
| 08:15 | 08:20 | रींगस | 21:10 | 21:15 |
| 08:30 | 08:32 | श्रीमाधोपुर | 20:50 | 20:52 |
| 08:46 | 08:48 | कावंट | 20:33 | 20:35 |
| 09:06 | 09:08 | नीम का थाना20:15 | 20:17 | |
| 09:18 | 09:20 | मांवडा | 20:03 | 20:05 |
| 09:39 | 09:41 | डाबला | 19:47 | 19:49 |
| 09:55 | 09:57 | निजामपुर | 19:34 | 19:36 |
| 10:12 | 10:14 | नारनौल | 19:17 | 19:19 |
| 10:33 | 10:35 | अटेली | 18:59 | 19:01 |
| 10:48 | 10:50 | कुंड | 18:44 | 18:46 |
| 12:05 | 12:10 | रेवाड़ी | 18:15 | 18:20 |
| 12:40 | 12:42 | कोसली | 17:01 | 17:03 |
| 12:57 | 12:59 | झाडली | 16:44 | 16:46 |
| 13:13 | 13:15 | चरखी दादरी | 16:28 | 16:30 |
| 14:20 | — | भिवानी | — | 16:05 |

*इस रेलसेवा में 09 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 11 डिब्बें होंगे।*

---

## अटेली रेलवे स्टेशन पर तीन ट्रेनों के शीशे तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली रेलवे स्टेशन पर खाटू श्याम जाने वाले भक्तों का उत्पात देखा गया है। नववर्ष पर खाटू श्याम जाने के लिए अटेली स्टेशन पर बुधवार रात्रि को श्याम भक्तों को खासी भीड़ थी। रात्रि को ट्रेन के दरवाजे नहीं खुलने पर श्याम भक्तों ने क्रोधित होकर रोष स्वरूप रींगस जाने वाली ट्रेनों के खिड़कियां व दरवाजे के शीशे तोड़ दिए। आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। तोड़फोड़ की घटना में एक यात्री के घायल होने का समाचार मिला है। वीरवार को आरपीएफ पुलिस ने स्टेशन मास्टर से तीन गाड़ियों की शीशे टूटने की जानकारी ली। शीशे टूटने वाली ट्रेन में 09633 भिवानी-जयपुर, 19604 गोड़ा से दौराई, ट्रेन संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा शामिल है।

### रेल यात्रियों ने की कड़ी निंदा

पहली बार अटेली स्टेशन पर इस तरह की घटना से रेल यात्रियों व जागरूक नागरिकों ने इस घटना की कड़ी निंदा की। अध्यापक सुंदरलाल, मास्टर सुरेंद्र, संदीप जांगिड़, नगर पार्षद प्रतिनिधि बिरेंद्र, सामाजिक चिंतक डॉ. जितेंद्र पाल आदि ने बताया कि राष्ट्रीय संपति को नुकसान पहुंचाना नागरिक का कर्तव्य नहीं होता, अपितु सार्वजनिक संपति की रक्षा करना उसका मौलिक कर्तव्य होता है। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने मौका मुआयना किया। उन्होंने बताया कि रेलवे पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। स्टेशन मास्टर सुरेश शर्मा ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य पर बड़ी संख्या में खाटू जाने वाले भक्तों की भीड़ थी। ट्रेन के दरवाजे नहीं खुलने पर क्रोधित भीड़ ने ट्रेन के दरवाजों व खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए।

### साढ़े सात घंटे देरी से पहुंची ट्रेन

*सर्दी व कोहरे का असर ट्रेनों पर देखने को मिल रहा है। रेवाड़ी रींगस रेल मार्ग पर कुरुक्षेत्र से फुलेरा चलने वाली स्पेशल ट्रेन अटेली स्टेशन पर अपने निर्धारित समय से साढ़े सात घंटे देरी से रही। यह ट्रेन कुरुक्षेत्र की तरफ 12:56 पहुंची है, लेकिन साढ़े सात घंटे देरी से पहुंची।*

---

## नए साल पर रेलवे ने किया समय सारिणी में बदलाव

- गाड़ियों में किया एक से पांच मिनट का बदलाव, रेलयात्री महासंघ ने अनदेखी के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

रेलवे की ओर से जारी समय सारिणी में बुधवार से बदलाव किया गया हैं। रेलवे की ओर से जारी नई समय सारिणी में गाड़ियों में किसी में एक से पांच मिनट का बदलाव किया गया हैं। वहीं कुछ यात्रियों का कहना है कि रात्रि के समय दिल्ली से आने वाली तीन गाड़ी की समय सारणी में एक–एक घंटे का अंतराल किया जाए, क्योंकि यह तीन गाड़ी एक घंटे के अंतराल में आगे-पीछे आवगमन करती हैं।

### महासंघ ने अनदेखी के लगाए आरोप

दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को लेकर कई बार रेल मंत्री, सांसद, रेलवे के उच्च अधिकारी को ज्ञापन भेजकर समय सारिणी में बदलाव करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन रेलवे के उच्च अधिकारी की हठधर्मि, तानाशाही, भेदभाव के कारण कई सालों से समय सारिणी में कोई खास बदलाव नहीं किया हैं। जिससे इस रूट के यात्रियों को असुविधा का सामान करना पड़ता हैं।

### यह है नई समय सारिणी

*महेंद्रगढ़ से रेवाड़ी की तरफ जाने वाली गाड़ी*

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | महेंद्रगढ़ पहुचने का समय |
|---|---|---|
| 15623 | भगत की कोठी (कामख्या) | मंगलवार की रात 1:23 बजे |
| 22481 | जोधपुर-दिल्ली | रात्रि 2:18 बजे |
| 19701 | जयपुर दिल्ली | रात्रि 2:30 बजे |
| 12458 | बीकानेर-दिल्ली | रात्रि 3:20 बजे |
| 14727 | श्रीगंगानर-दिल्ली | सुबह 4:27 बजे |
| 12324 | बाडमेर-हावड़ा | सुबह 4:41(वीर-रवि) |
| 54310 | हिसार-दिल्ली | सुबह 8:57 |
| 26471 | बीकानेर-दिल्ली वन्दे भारत | सुबह 09:42 |
| 54803 | सीकर-रेवाड़ी | सुबह 11 बजे |
| 12372 | बीकानेर-हावड़ा | सुबह 11:33 बजे गुरूवार |
| 14823 | जोधपुर-रेवाड़ी | दोपहर 12:57 बजे |
| 22471 | बीकानेर-दिल्ली | दोपहर 2:20 बजे |
| 12260 | बीकानेर-हावड़ा | शाम 4:31 बजे (ठहराव नहीं) |
| 14713 | सीकर-दिल्ली | शाम 5:31 बजे (बुध,शुक्र) |
| 54316 | हिसार-रेवाड़ी | शाम 6:33 बजे |
| 22422 | भगत की कोठी-दिल्ली | शाम 7:28 बजे |
| 54790 | बीकानेर-रेवाड़ी | शाम 9:02 बजे |

महेंद्रगढ़ से लोहारू की तरफ जाने वाली गाड़ी समय सारणी

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | महेंद्रगढ़ पहुंचने का समय |
|---|---|---|
| 22482 | जोधपुर-दिल्ली | रात्रि 1:10 बजे |
| 12457 | दिल्ली-बीकानेर | रात्रि 1:37 बजे |
| 19702 | दिल्ली-जयपुर | रात्रि 2:09 बजे |
| 54789 | रेवाड़ी-बीकानेर | सुबह 5:25 बजे |
| 14714 | दिल्ली-सीकर | सुबह 8:53 बजे (शुक्र-बुध) |
| 54309 | दिल्ली-हिसार | सुबह 8:30 बजे |
| 22421 | दिल्ली-भगत की कोठी | सुबह 9:18 बजे |
| 22472 | दिल्ली-बीकानेर | सुबह 10:42 बजे |
| 12371 | हावड़ा-बीकानेर | दोपहर 12:18 (मंगलवार) |
| 15624 | कामख्या-भगत की कोठी | दोपहर 12:18 बजे (रविवार) |
| 12259 | सियालदाह-बीकानेर | दोपहर 1:24 बजे (ठहराव नहीं) |
| 14824 | रेवाड़ी-जोधपुर | दोपहर 2:10 बजे |
| 54804 | रेवाड़ी-सीकर | शाम 4:06 बजे |
| 12323 | हावड़ा-बाड़मेर | शाम 6 बजे (बुधवार-शनिवार) |
| 26472 | दिल्ली-बीकानेर वन्दे भारत | शाम 06:22 |
| 54315 | रेवाड़ी-हिसार | शाम 9:33 बजे |
| 14728 | दिल्ली-गंगानगर | शाम 10:09 बजे |


महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### नारनौल स्टेशन पर समय में बदलाव

दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने बताया कि संघ की ओर से रेवाड़ी व रींगस स्टेशनों पर ट्रेनों के आपसी मिलान को लेकर ज्ञापन रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे व सीनियर डिवीजनल ऑपरेशंस मैनेजर जयपुर को रेलवे सुपरिटेंडेंट नारनौल व रेवाड़ी के माध्यम से सौंपा गया था। जिसमें गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी–फुलेरा पैसेंजर का 14701 अरावली एक्सप्रेस से रींगगस स्टेशन पर मिलान। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा–रेवाड़ी पैसेंजर का 14086 सिरसा–तिलक ब्रिज से रेवाड़ी स्टेशन, ट्रेन संख्या 14088 रुणिचा एक्सप्रेस का 22421 सालासर एक्सप्रेस से रेवाड़ी स्टेशन, ट्रेन संख्या 54417 दिल्ली–रेवाड़ी पैसेंजर का 19622 रेवाड़ी–फुलेरा पैसेंजर से रेवाड़ी स्टेशन पर मिलान की मांग की गई थी। अब जनवरी से लागू नई समय सारिणी में इन चारों गाड़ियों का आपसी मिलान स्वीकृत कर लागू कर दिया गया है, जिससे नारनौल, रेवाड़ी, रींगस सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

---



नारनौल। चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। फोटो : हरिभूमि

## प्राइवेट टीचर के घर से लाखों के गहने व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सुभाष नगर में प्राइवेट स्कूल के हैड टीचर व शिक्षिका के घर दिन दहाड़े लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात तथा करीब 65 हजार रुपये की चोरी हो गया। इस बारे में पुलिस ने पीड़ति ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेवाड़ी रोड पर सुभाष नगर में रहने वाले तथा यदुवंशी शिक्षा निकेतन में हैड टीचर के पद पर कार्यरत देशराज सैनी ने बताया कि मंगलवार को वह स्कूल में गया हुआ था। उसकी पत्नी भी एक निजी स्कूल में टीचर है। वह भी उस स्कूल में ड्यूटी पर गई हुई थी। उसका बेटा भी निजी काम से गया हुआ था। जब वह शाम को करीब चार बजे स्कूल से वापस घर आए, तब उनको घर का ताला टूटा मिला हुआ मिला। अंदर जाने पर घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और संदूक खंगाले हुए थे, जिससे उन्हें चोरी की घटना का पता चला। शिकायतकर्ता देशराज ने बताया कि उसे सोना-चांदी के गहने व नकदी गायब मिले हैं। इसमें एक जोड़ी झूमकी, मंगलसूत्र, गले का हार, दो सोने के टॉप्स, नाक का कांटा और कानों की बाली शामिल हैं। जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा घर में रखी नकदी भी चोर ले गए। पीड़ित के अनुसार चोरों ने दो जगह रखे रुपये भी चुरा लिए। इसमें एक जगह रखे करीब 20 हजार रुपये तथा दूसरी जगह रखे 40 हजार रुपये भी उसको गायब मिले हैं। इस प्रकार चोरों ने उसके घर से करीब 60 हजार रुपये भी चुरा लिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। बाद में पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और चोरी हुए सामान के संबंध में जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

---

## नववर्ष पर रहा पुलिस का कड़ा पहरा : 50 से अधिक जगह पर लगाए नाके, एसपी ने खुद संभाली कमान

*50 से अधिक नाकों पर हुई सघन चेकिंग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नववर्ष के आगमन पर जिले में कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड़ में नजर आई। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के नेतृत्व में जिलेभर में 50 से अधिक स्थानों पर नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच की गई। जिससे हुड़दंगियों के हौसले पस्त रहे। सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता को देखते हुए एसपी पूजा वशिष्ठ ने स्वयं कमान संभाली। उन्होंने देर रात विभिन्न नाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा में ढिलाई न बरती जाए। संदिग्ध वाहनों की बारीकी से जांच के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

एसपी ने स्पष्ट किया कि ड्रंक एंड ड्राइव और तेज रफ्तार वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। इसका उद्देश्य नागरिकों को एक सुरक्षित माहौल प्रदान करना था, ताकि वे भयमुक्त होकर नववर्ष का स्वागत कर सकें। ठंडी हवा के साथ हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बावजूद पुलिस के जवान अपनी ड्यूटी पर डटे रहे। एसपी ने नाकों पर तैनात जवानों की हौसला अफजाई करते हुए बेहतर ड्यूटी करने के लिए शाबाशी दी।


नारनौल। चेकिंग के दौरान दिशा-निर्देश देती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### 17 शराबी वाहन चालकों के चालान

जिले में सड़क हादसों पर लगाम लगाने व यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात एवं राजमार्ग एचएस दून व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के सख्त दिशानिर्देशों के तहत चलाए गए इस विशेष अभियान का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। इसी कड़ी में पुलिस टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी कर जांच की। जिसमें शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए 17 चालकों के मौके पर ही चालान काटे गए। उप पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी सुरेश कुमार ने जिले के सभी थाना प्रबंधकों को इस अभियान को नियमित और प्रभावी ढंग से जारी रखने की हिदायत दी है। यातायात नियमों की उल्लंघना वालों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिसकर्मी अत्याधुनिक एल्को सेंसर और ई चालानिंग मशीनों के साथ सड़कों पर तैनात हैं। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल गैर कानूनी है, बल्कि यह स्वयं व दूसरों की जान को जोखिम में डालना है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सड़क सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस का यह सघन जांच अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

GYANKOSH
A Global School
An ISO 9001 : 2015 Certified Institution
CBSE Affiliated- English Medium Co-Ed School
Vill: Kharkhara (Akoda), Near Baba Sadh Road
Mahendragarh (HR), 123029
Application are invited from trained & experienced candidates with good academic record, excellent communication skills, proficiency in IT & Co-Curricular activities for the following regular posts...
REQUIREMENTS
Salary No bar for Deserving Candidates
- PRT : All Subjects
- TGT / PGT : Physics, Chemistry, Biology, Maths, Computer, English, Hindi, Sanskrit, Social Studies
- Others : Music & Dance, ANM/GNM, DPE, Coach, Driver, Conductor, Clerk, Peon, Sweeper

:Walk-In-Interview:
Date: 11th &12th January 2026
Time: 10 AM - 03PM
-:Send Your updated resume on:-
Contact Us: 9416316431, 8607776141
Email: rpsneeraj@gmail.com
rakesh.kumar@gyankoshschool.org

## खबर संक्षेप



### विधायक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**नारनौल।** विधायक ओमप्रकाश यादव ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। नये साल के पहले दिन हुई इस शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री के साथ जिले की विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उम्मीद जताई कि नया साल जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा और महेंद्रगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधायक ओमप्रकाश यादव को उनके जन्मदिवस की बधाई दी। विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से जिले में जनहित के कार्यों को और गति दी जाएगी।



### हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल हुई में प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

**मंडी अटेली।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें दस टीमों का गठन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य अनूप कुमार द्वारा की गई। प्रतियोगिता में टीम राजगुरू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और दूसरा स्थान सुभाष चंद्र बोस टीम ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान सरोजनी नायडू ने प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यालय में समय-समय पर होनी चाहिए। प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर प्रतिभा की भावना उत्पन्न होती है।



### राव सुल्तान सिंह स्कूल में हुई खेल प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें मुख्यातिथि संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव, विशिष्ट अतिथि चेयरपर्सन सुषमा यादव रहे। अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने की। निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने बताया कि खेलों के माध्यम से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। खेलों में मानसिक संतुलन धैर्य और भाईचारे की भावना पैदा होती है। चेयरपर्सन सुषमा यादव ने भी बताया कि जब हम इस प्रकार से बच्चों को खेलते देखते हैं तो अपना बचपन याद आ जाता है। वास्तव में खेलों से सर्वांगीण विकास संभव है।

## कॉमर्स ओलंपियाड में हासिल की इंटरनेशनल रैंक वन

# आरपीएस के अंशु-राहुल कॉमर्स ओलंपियाड में बने विश्व विजेता

ओलंपियाड में विश्वभर से हजारों विद्यार्थियों ने लिया था हिस्सा



महेंद्रगढ़। सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों, अंशु और राहुल ने इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में वैश्विक स्तर पर रैंक-1 प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल और जिले, बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।

इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। आरपीएस के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल ओलंपियाड फाउंडेशन और द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

इस ओलंपियाड में विश्वभर से हजारों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें आरपीएस के इन दो सितारों ने 'टॉप ऑफ द वर्ल्ड' का खिताब जीतकर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। कुल मिलाकर छात्रों ने दो इंटरनेशनल टॉपर के अलावा इंटरनेशनल लेवल पर आठ गोल्ड, 30 सिल्वर और 12 ब्रान्ज मेडल जीतकर पूरे विश्व में आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ का रोशन किया है।

#### ये रहे मेडल विजेता

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि सतनाली की रहने वाली अंशु पुत्री अशोक कुमार एवं रेखा देवी व महेंद्रगढ़ के राहुल पुत्र नरेश कुमार एवं रजनी ने भी इस कठिन स्पर्धा में इंटरनेशनल टॉपर बनकर संस्थान को गौरवान्वित किया। स्वर्ण पदक विजेता-आशीष, भूमि, धीरज, कशिश, निशा, समीक्षा, यश कुमार, दक्ष यादव रहे। रजत पदक विजेता -अनुज, आयुष लांबा, दीपांशु चौधरी,गौरांश, हर्षिता बेरीवाल, हिमानी, इशू श्योराण, मोहित, नचिकेत बंसल, नमन, नवरतन, निशांत,नितिन, पुष्कर यादव, रवि कुमार,



नारनौल। पीटीएम के दौरान अध्यापक व अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

### स्प्रिंग फील्ड स्कूल पीटीएम आयोजित

**नारनौल।** स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल में अध्यापक व अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य भीमसेन शर्मा के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि विद्यालय व अभिभावकों के आपसी संवाद से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक है। पीटीएम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। उन्होंने अपने बच्चों के शैक्षणिक स्तर, पढ़ाई की प्रगति तथा व्यवहारिक विकास को लेकर विद्यालय प्रशासन व शिक्षकों से विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों, कमजोर पक्षों व सुधार की संभावनाओं की जानकारी अभिभावकों को दी। इस मौके पर शिक्षक बलवान सिंह, भारत भूषण, पूजा सैनी, पूजा गौड़, सरिता, विमला, सुमन, प्रीति, दीपिका आदि उपस्थित रहे।



मंडी अटेली। गोकलपुर में विद्यार्थियों को ट्रैकसूट एवं जूते भेंट करती सरपंच।

## सरपंच आरती ने निजी कोष से विद्यार्थियों को भेंट किए ट्रैकसूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

राजकीय उच्च विद्यालय गोकलपुर एवं राजकीय प्राइमरी विद्यालय सलीमपुर में नए वर्ष पर सलीमपुर गांव की सरपंच आरती यादव ने अपने निजी कोष इन विद्यालयों के विद्यार्थियों को ट्रैकसूट एवं जूते भेंट किए। इस मौके पर सरपंच आरती यादव ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहद आवश्यक है और खेल-कूद बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है और बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विद्यालयों के विकास और विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए हर नागरिक को आगे आना चाहिए। उनके सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सकता है। अंत में सरपंच ने बताया कि हम सबका फर्ज बनता है कि हमारे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का ख्याल रखें, क्योंकि उनका ज्यादातर समय अध्यापकों के बीच बीतता है।

#### विद्यार्थियों में दिखी खुशी

ट्रैकसूट व जूते पाकर विद्यार्थियों में खुशी देखी गई। दोनों विद्यालय के हेडमास्टर एवं विद्यालय स्टाफ ने सरपंच आरती यादव का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मास्टर जसवंत सिंह, जयसिंह, पवन कुमार पंच, पूर्व पंच रामनिवास, अरविंद कालिया, वेदप्रकाश आर्य आदि उपस्थित रहे।

### सरस्वती विद्यालय में पीटीएम का आयोजन



**महेंद्रगढ़।** सरस्वती शिक्षा निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा कलां में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई, जिसमें काफी अभिभावकों ने भाग लिया व अध्यापकों से अपने-अपने बच्चों की शिक्षा, संस्कार व उनकी रचनाशीलता पर विचार-विमर्श किया। आरआरसीएम ग्रुप चेयरमैन रोशनलाल यादव ने सभी सभी अभिभावकों का इस बैठक में भाग लेने पर आभार व्यक्त किया व उन्होंने बताया कि इस प्रकार की बैठक बच्चों की पढाई के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। प्रधानाचार्य ने बैठक के अंत में सभी आगन्तुकों का धन्यवाद किया।

## यदुवंशी स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाकर किया शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाकर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। एनएसएस अधिकारी अनूप यादव ने शिविर के दौरान होने वाली गतिविधियों जैसे स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य एवं अनुशासन से संबंधित कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### जागरूक युवाओं से बहुत आशा

चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि एनएसएस का अर्थ केवल सेवा करना नहीं, बल्कि अपने भीतर छिपी मानवता को पहचानना है। जब आप समाज के लिए कार्य करते हैं, तभी आप सच्चे अर्थों में शिक्षित कहलाते हैं। यह शिविर आपको अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व सिखाएगा। देश और समाज को आप जैसे जागरूक युवाओं से बहुत आशा हैं। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने सभी एनएसएस विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## विजय स्कूल में हुई वार्षिक खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन विजय सिंह टूमना ने कहा कि खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता भी सिखाते हैं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह यादव, प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाढोत, स्वतंत्र कुमार प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाना, राजेश शर्मा झाड़ली हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स हरियाणा जिला सचिव तथा डॉ. श्याम सुंदर यादव ने मां सरस्वती के सामने द्वीप प्रज्जलवित करके किया। प्रतियोगिता में रेस, कबड्डी, शॉट पुट, रस्सा कस्सी, वॉलीबॉल और लॉन्ग जम्प जैसे खेल शामिल थे। प्राचार्य नत्थू सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि हर छात्र खेलों में सक्रिय भाग लेकर अपने कौशल को निखारे और जीवन में आगे बढ़े।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह ने मुख्यातिथि जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर पूर्ण प्रभा ने लोगों का कार्यक्रम में उपस्थित होने पर धन्यवाद किया। इस दौरान कबड्डी में कल्पना चावला हाउस, रसाकस्सी में भगत सिंह हाउस, वॉली बॉल में कल्पना चावला हाउस के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। लॉन्ग जम्प में भावना व निखिल प्रथम, वर्षा व दीपांशु द्वितीय, अंडर 19 रेस में हिमेश प्रथम स्थान व नितेश द्वितीय स्थान पर तथा अंडर 17 रेस में प्रथम स्थान पर वंशिका, द्वितीय स्थान पर सुदेश व तीसरे स्थान पर मुस्कान रही।

#### विजेता खिलाड़ी सम्मानित

समारोह का समापन पर मुख्यातिथि प्रोफेसर डॉ पूर्ण प्रभा ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए इस सफल आयोजन के लिए विजय यादव टूमना को बधाई देते हुए बताया कि जीवन में वही बच्चा सफल होता है, जो बार बार प्रयास करता है। एक बार की सफलता से निराश नही होना चाहिए, बल्कि निरन्तर प्रयास से सफलता प्राप्त करनी चाहिए।

## आरपीएस स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

राव पहलाद सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल खातौद में वीरवार को सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यालय चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बच्चों को एनएसएस के उद्देश्यों के बारे में समझाया तथा इसी तरह निःस्वार्थ समाज के लिए अपने आपको समर्पित करने का संदेश दिया। सीईओ इंजि. मनीष राव ने विद्याथियों को अपने से पहले समाज तथा देश को रखने का महत्त्व समझाया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने भी परस्पर सहयोग व सामाजिक भागीदारी पर जोर दिया तथा इसे समय की आवश्यकता बताया। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए एनएसएस की समाज व राष्ट्र निर्माण तथा सामाजिक संरचना बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक अनूप सिह ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न विधाओं का आयोजन करवाया। एनएसएस के महत्त्व पर छात्र व छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सड़क सुरक्षा के महत्त्व व नशा मुक्ति पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

## इंडस वैली स्कूल में मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर में अभिभावक-शिक्षक स्नेह मिलन समारोह का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच आपसी संवाद को मजबूत करना तथा बच्चों के शैक्षणिक भविष्य पर सार्थक चर्चा करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि गवर्नमेंट कॉलेज सीहमा प्राचार्य सुनील कुमार तथा विशिष्ट अतिथि अटेली के मायावती अस्पताल डॉक्टर राजकुमार, प्रधान रघुवीर, प्रधान मामन, सचिन व पंचायत समिति चेयरमैन राजकुमार सहित अन्य अतिथियों का आगमन हुआ। विद्यालय द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत-गान के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय चेयरमैन धर्मेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

#### 650 अभिभावक उपस्थित रहे

निदेशक केसी यादव ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नही है, बल्कि बच्चों के नैतिक, बौद्धिक और सांस्कृति विकास करना भी है। प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक व अभिभावक मिलकर ही बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रा निधि एवं पूजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी आगंतुकों के लिए भोज की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह में लगभग 650 अभिभावक उपस्थित रहें। संस्था उपचेयरमैन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव, उपप्राचार्य वीर सिंह यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बीजेआरडी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**महेंद्रगढ़।** बीजेआरडी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय सीईओ रमेश राव ने किया। इस आयोजन में विद्यालय चेयरपर्सन शीला राव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिकरत की। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने अनेक खेलों में अपनी अपनी भागीदारी दर्ज की, जिसमें जलेबी रेस, बोरा रेस, 100 मीटर से 400 मीटर तक की रेस, फ्रोग रेस, केला रेस, लड़कियों की कबड्डी एवं लड़कों की कब्बड्डी का मुकाबला बहुत ही रोचक एवं रोमांच रहा। इन खेल के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका प्राचार्य सुरेश सैनी एवं बिजेंद्र यादव की रही। मंजीत, टीना व ज्योति यादव ने कार्यभार संभाला। खेल के आयोजन को तीन ग्रुपों में बांटा गया, जिसमें पहला ग्रुप कक्षा किड्स से दूसरी तक रहा।

**स्पर्धा** खेल प्रतियोगिता में स्कूल के सभी बच्चों ने लिया हिस्सा

# देवयानी इंटरनेशनल स्कूल में स्पोर्टस मीट संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में नए वर्ष के आगमन पर तीन दिवासीय स्पोर्टस मीट का समापन किया गया। सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित कर नव वर्ष और स्पोर्टस मीट का समापन समारोह का शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिता में स्कूल के सभी बच्चों ने हिस्सा लिया।

स्कूल के प्रत्येक बच्चे को इसमें शामिल होने के लिए अनिवार्य किया। सभी बच्चों को चार हाउस से टीम बनाकर इंटर हाउस कंपटीशन रखा। वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो के खेल को टीम गेम और लॉन्ग जंप, हाई जंप, 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर, थ्री लेग रेस, नींबू रेस, रिले रेस, बैलून रेस, रस्सा कस्सी, म्यूजिकल चेयर जैसे व्यक्तिगत इवेंट्स के माध्यम से सभी बच्चों ने खेल में हिस्सा लिया। लॉन्ग जंप में रवि प्रथम, नैतिक ने दूसरे स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में लड़कियों ने प्रीति प्रथम, कृतिक राव दूसरे स्थान पर रही। 100 मीटर रेस में धीरू चौधरी प्रथम, शशिकांत यादव दूसरे स्थान पर रहा। 400 मीटर रेस में हर्षित दूसरे स्थान पर, 800 मीटर दौड़ में राखी प्रथम, खुशी दूसरे स्थान पर रही। खो-खो टीम में मून हाउस प्रथम, सनराइज हाउस दूसरे स्थान पर रहा। वॉलीबॉल में स्पोर्टस हाउस प्रथम, लैंग्वेज हाउस दूसरे स्थान पर रहा। हैंडबॉल में एनवायरमेंट हाउस प्रथम व साइंस हाउस के बच्चों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल में लैंग्वेज हाउस प्रथम, एनवायरमेंट हाउस दूसरे स्थान पर रहा। चेयरमैन सुनील कुमार और प्राचार्य बलवान सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### खेल से बच्चे सिखते हैं जीवन की कला

चेयरमैन सुनील कुमार ने बताया कि स्कूल का मंच बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए आधार तैयार करता है। खेल, एकेडमी और मनोरंजन तीनों को मिलकर ही संपूर्ण शिक्षा पूर्ण होती है। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि खेल से बच्चे जीवन की कला सिखते हैं। खेल के मैदान में एकता, अनुशासन, ईमानदारी जैसे गुणों को विकसित करने का मौका मिलता है। जब भी बच्चे को खेलने का अवसर मिले तो उसे खेल प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

## टैगोर स्कूल में एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का पहले दिन रहा।

शिविर की विधिवत शुरुआत विद्यालय चेयरमैन बीएल यादव द्वारा की गई। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज सेवा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। यह सात दिवसीय शिविर एनएसएस अधिकारी सुनील कुमार द्वारा प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में विद्यालय डायरेक्टर राहुल यादव एवं सीईओ डॉ. निशा यादव उपस्थिति रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।



महेंद्रगढ़। शिविर के दौरान श्रमदान करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### प्रार्थना सभा से की पहले दिन की शुरुआत

इसके साथ ही पीजीटी हेड निशांत शर्मा सहित विद्यालय कार्यालय का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। शिविर के पहले दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से की गई। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों को नॉट मी बट यू के मूल मंत्र, एनएसएस के उद्देश्यों तथा सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि यह शिविर उनके व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज के प्रति उनके दायित्वों को समझने का एक सशक्त माध्यम है। पहले दिन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर के बाहर एवं स्कूल कैंपस के आगे व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

## खबर संक्षेप

### उपनिरीक्षक को सलामी देकर किया अंतिम संस्कार

**महेंद्रगढ़।** प्रयास श्री बाला जी संस्था अध्यक्ष व पर्यावरण प्रेमी मनोज मेघनवास के छोटे भाई हरियाणा पुलिस के उपनिरीक्षक राजकुमार की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। स्वर्गीय राजकुमार फिलहाल पुलिस कंट्रोल रूम रेवाड़ी में तैनात थे।



मनोज मेघनवास ने बताया कि 31 दिसबंर को उनके छोटे भाई राजकुमार को सुबह ड्यूटी के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार गांव मेघनवास में को उपपुलिस अधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में शौक सलामी देकर अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### नांगल दर्गू में एनएसएस शिविर शुरू

**नारनौल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में सात दिवसीय एनएसएस कैंप की शुरुआत के प्रथम दिन राष्ट्रीय गान व एनएसएस गीत, योगाभ्यास प्रवेश यादव स्पोर्ट्स शिक्षक ने करवाकर दैनिक दिनचर्या की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच पूर्णमल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमारी सीमा सामरिया ने की। बच्चों को एनएसएस के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। समाजसेवा और देश की सेवा करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। प्राचार्या कैलाश देवी यादव ने पूर्णमल को पुष्पगुच्छ व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। और बच्चों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रामस्वरूप भोपा, दर्शन सैन, प्रेम देवी व दया देवी उपस्थित रहे।

### 4 को श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला की आम सभा

**मंडी अटेली।** श्री कृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली की आम सभा की बैठक 4 जनवरी को होगी। गोशाला प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि बैठक में गोशाला की आगामी कार्यकारिणी के गठन पर भी विचार किया जाएगा। वहीं नये साल पर एक नई रूपरेखा बनाकर आगामी कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

### सत्संग व भंडारे का हुआ आयोजन

**मंडी अटेली।** जाहरवीर गोगा जी मंदिर व भैरो बाबा गोरखनाथ जी मंदिर अटेली में नववर्ष के उपलक्ष्य पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में सुबह से कीर्तन होने लगा था। मंदिर के पुजारी ने आने वाले भक्तों को दीर्घायु आशीर्वाद दिया।

### वन विभाग ने चलाया पौधरोपण अभियान

**महेंद्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सेवा पखवाड़ा मुहिम के तहत वन विभाग द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय नावां के में विधायक कंवर सिंह यादव, जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, उप वन संरक्षक विजेंद्र सिंह, वन राजिक अधिकारी विक्रम सिंह, सरपंच राजेंद्र सिंह, हैड मास्टर विनोद कुमार के साथ मिलकर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। विधायक द्वारा कार्यक्रम में मौजूद सभी ग्रामीणों को स्वच्छ भारत अभियान में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने अह्वान किया।

---

*मिशन से जुड़ चुके 1 हजार युवा, पांच तहसीलों तक पहुंचा गोसेवा मिशन*

# सुधीर चौधरी ने पांच साल में 2165 गायों का कराया उपचार

- अपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए शहर में सीसीटीवी कैमरों को प्रबंध करके कंट्रोल पावर पुलिस प्रशासन को सौंपी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी**

समाज में केवल मानव सेवा की ही परंपरा बनी हुई है, बेजुबान पशुओं के मददगार कम ही मिलते हैं, लेकिन मोहनपुर निवासी सुधीर पार्षद ने गोसेवा को ही जीवन का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसने रोजाना एक गोसेवा का संकल्प लेकर पांच साल में 2165 गायों का उपचार करवा दिया, साथ ही एक हजार से अधिक बेसहारा गायों को बसेरा मुहैया करवा चुके। सुधीर ने गोसेवा का नेटवर्क राजस्थान समेत पांच तहसीलों में स्थापित कर दिया। जिससे युवाओं को गोसेवा व भारतीय संस्कृति के अनुसरण की प्रेरणा मिल रही है। आपको बता दें कि बीते 20-25 सालों से लोगों में गोपालन का रूझान कम हो गया तथा सड़कों में बेसहारा गायों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। चारा नहीं मिलने की वजह से अधिकांश गोवंशों ने कचरा व पॉलीथिन खाना आरंभ कर दिया। जिससे उनके बीमार होने व मरने की समस्या बढ़ गई। गायों की दुर्दशा से आह्त होकर मोहनपुर निवासी सुधीर पार्षद ने 2020 में रोजाना एक गोसेवा का संकल्प लिया तथा नांगल चौधरी तहसील में बेसहारा गायों को चारा व उपचार उपलब्ध कराने का मिशन आरंभ किया। धीरे-धीरे उनके मिशन से युवा भी जुड़ने आरंभ हो गए। गोसेवा का विस्तार करते हुए उन्होंने 2021 में गो एंबुलेंस का प्रबंध किया, जिसकी मदद से बीमार गायों को नारनौल में स्थिति उपचार शाला में पहुंचाना आरंभ किया। बुजुर्ग और बेसहारा घुमती गायों को नजदीकी गोशाला में पहुंचाने का अभियान चला रखा है। 2023 में उन्होंने ऑन कॉल सेवा सुविधा आरंभ की व इसके लिए 20 युवाओं की एक टीम बनाकर उन्हें वाहन मुहैया कराया गया है। नांगल चौधरी के प्रत्येक गांव तक गोसेवा पहुंचाने के बाद उन्होंने सीमावर्ती नीमकाथाना, पावटा, पाटन, पचेरी, खेतड़ी तहसील में भी गोभक्त टीम का गठन किया है। बीते पांच साल में उन्होंने लगभग 2200 गायों का उपचार करवाकर उन्हें जीवनदान दिया है।



**नांगल चौधरी।** बीमार गाय को उपचारशाला में पहुंचाते सुधीर चौधरी व अन्य गोभक्त।

### व्यापारियों की मांग पर सीसीटीवी का किया प्रबंध

नांगल चौधरी के तीन तरफ राजस्थान बार्डर अटेच है, जिस कारण यहा क्राइम वारदातें ज्यादा रहती है। परेशान व्यापारियों ने जिला प्रशासन से सार्वजनिक स्थल व मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की गुहार लगाई थी, लेकिन विभागीय स्तर पर कैमरों का बजट स्वीकृत नहीं हुआ। इसके बाद सुधीर पार्षद ने निजी कोष से शहर के प्रमुख चौराहों व बस स्टैंड पर उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरों का प्रबंध किया है। जिनका रिमोर्ट थाना प्रभारी को सौंपा गया है।

### उपचारशाला में गायों को मिला बेहतर इलाज



माइंस कारोबारी सुधीर चौधरी ने बताया कि गायों की सेवा व संरक्षण से ही भारतीय संस्कृति सुरक्षित रह पाएगी। गो उत्पादों के इस्तेमाल से गंभीर बीमारियों का इलाज संभव है। इसके बावजूद लोग गोपालन करने को तैयार नहीं। युवाओं के गोसेवा से जुड़ने पर गायों की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी। उन्होंने बताया कि नांगल चौधरी समेत राजस्थान की पांच तहसीलों में एक हजार गोभक्त हैं, जो गायों की सेवा मिशन में जुटे हैं।

---

*ऑटो मार्केट के पीछे खाली जमीन पर बनाया जाएगा नया भवन विधायक बोले, महेंद्रगढ़ में नहीं रहने दी जाएंगी विकास कार्यों में कमी*

# महेंद्रगढ़ नपा को मिलेगा नया भवन, 4.36 करोड़ होंगे खर्च

## नगर पालिका के नए भवन का विधायक ने किया शिलान्यास

- नगर पालिका का यह नया भवन आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**

ऑटो मार्केट के पीछे खाली जमीन पर नगर पालिका की ओर से नया भवन बनाया जाएगा। विधायक कंवर सिंह यादव ने नए भवन का कार्य नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने भवन का शिलान्यास भी किया।

वहीं नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी का दावा है कि इस नए भवन का कार्य आठ से नौ महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इस नए भवन में चार करोड़ 36 लाख रुपये की लागत आएंगी। ठेकेदार की ओर से नए भवन को आधुनिक बनाया जाएगा। नगर पालिका का यह नया भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसके अलावा विधायक ने वार्ड नंबर छह व वार्ड नंबर दो की मुख्य सड़कों का भी शिलान्यास किया। विधायक कंवर सिंह ने कहा कि महेंद्रगढ़ विधानसभा में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सरकार की ओर से शहर के विकास को लेकर धन की कमी नहीं रहेंगी। उन्होंने कहा कि सब डिपो को जल्द चालू करवा दिया जाएगा। इसके अलावा महेंद्रगढ़ विधानसभा में दो नए खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। एक खेल स्टेडियम सतनाली व एक महेंद्रगढ़ शहर में स्थापित करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त डुलाना रोड पर बांध बनाकर एक नए भव्य पार्क का निर्माण होगा।

इसके अलावा माजरा चुंगी को रेजागंला चौक का दर्जा दिया जाएगा। ताकि शहर के लोगों को अमर शहीदों को याद किया जा सकें। इसके अतिरिक्त गुरु रविदास के नाम से चौक बनाया जाएगा। शहर के हर चौक–चौराहे पर महापुरूषों की प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी। इन सब विकास कार्यों की सरकार की ओर से जल्द मंजूरी मिलने वाली हैं।

बता दें कि महेंद्रगढ़ नगर पालिका का पुराना भवन जर्जर हो चुका हैं। अधिक स्टाफ होने के चलते उठने–बैठने में परेशानी होती हैं। इसके अलावा पुराना भवन शहर के मैन बाजार में होने के चलते दुकानदार आदि अपने वाहन को नगर पालिका कार्यालय में खड़ी करके चले जाते हैं।

वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय शंकर मार्केट में स्थित है। यह कार्यालय 1991 में बनाया गया था। जगह की कमी के अभाव में पालिका का नया भवन बनाने का निर्णय लिया गया था। सरकार से पहले ही स्वीकृति मिल चुकी थी। अब ऑटों मार्केट में नए भवन के लिए कार्य शुरू हो चुका हैं। करीब चार करोड 36 लाख रुपये की लागत से इस भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जाएगा। नगर पालिका की जमीन पर पालिका ग्रांउड फ्लोर सहित तीन मंजिला भवन बनाया जाएगा। सरकार की ओर से इसकी पहले ही स्वीकृति भी मिल चुकी थी।





**महेंद्रगढ़।** नए भवन का शिलान्यास करते विधायक तथा नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### चार करोड़ 36 लाख रुपये से बनेगा भवन

ऑटो मार्केट के पीछे करीब चार करोड़ 36 लाख रुपये में नगर पालिका का नया भवन बनाया जा रहा है। विधायक कंवर सिंह यादव की ओर से निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया हैं। ठेकेदार आठ से नौ महीने नया भवन बनाकर देगा। नए भवन में उच्च क्वालिटी का मैटेरियल यूज किया जाएगा। भवन में लगने वाली सामाग्री का विशेष ध्यान रखा जाएगा। ताकि भवन अच्छा बन सकें। भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाया जाएगा।

—रमेश सैनी, प्रधान, नगर पालिका, महेंद्रगढ़

### यह सुविधाएं मिलेंगी

कार्यालय में तीन मंजिला भवन होगा। ग्राउंड फ्लोर पर एडमिन ब्रांच होगा, जहां चेयरमैन, सचिव आदि के अलग-अलग कक्ष होंगे। इसी फ्लोर पर एक कांफ्रेंस हाल भी होगा। जहां पर एमई, जेई, पटवारी, बीआई के कक्ष होंगे। इसके अलावा अकाउंट ब्रांच भी इसी फ्लोर पर होगी। दूसरे फ्लोर पर महिला और महिला पुरुषों का अलग-अलग रैनबसेरा बनाया जाएगा। सभी फ्लोर पर पानी और शौचालय की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा भवन में लिफ्ट भी लगाई जाएगी। इसके साथ सार्वजनिक पार्किंग की सुविधा भी होगी। इस मौके पर सचिव गौरव सांगवान, पार्षद सुरेंद्र फौजी, सीमा, मुकेश खटीक, हरिराम खन्ना, रोशनलाल, देवेंद्र सैनी उर्फ सोनू, अशोक सैनी, राजनेश, सुखबीर बादल, सन्नी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

---



**नारनौल।** डीईओ डॉ. विश्वेश्वर कौशिक को ज्ञापन सौंपते हसला कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# हसला ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा मांगों का ज्ञापन

- एलटीसी मामलों में बजट पारदर्शिता से डालने पर दिया जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन संगठन ने जिला प्रधान अरविंद यादव माजरा के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक से उनके कार्यालय में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। संगठन के जिला महासचिव डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि प्रधान ने अपने कार्यकारिणी के साथ जिला शिक्षा अधिकारी को उनकी नवपदोन्नति के साथ नववर्ष के उपलक्ष्य में गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी। इसके बाद जिला प्रधान अरविंद यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक को जिलेभर के प्रवक्ताओं की समस्याओं से अवगत करवाया और उन्हें सभी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी का अभिनंदन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने जिला स्तर की सभी समस्याओं का समाधान करने व निदेशालय स्तर की समस्याओं के लिए ज्ञापन को निदेशालय मे भेजने का आश्वासन दिया। मुख्य रूप से एलटीसी मामलों का बजट स्वीकृति अनुसार पारदर्शिता के साथ डालने पर जोर दिया। चिकित्सापूर्ति बिलों का भुगतान निश्चित समय अवधि मे किए जाने, अश्योंर्ड कैरियर प्रोग्रेशन एसीपी, महिला प्रवक्ताओं के शिशु देखभाल अवकाश के मामले बिना देरी के निदेशालय को भेजे जाने की मांग रखी।

### यह रहे उपस्थित

इस मौके पर राज्य सचिव राधेश्याम नरवारा, राज्य लीगल सेल पदाधिकारी सतीश कौशिक, संरक्षक रघुवीर पटेल, मुख्य सलाहकार डॉ. जोगेंद्र यादव, नारनौल प्रधान रामनिवास लंबोरा, कनीना खंड प्रधान सूबेसिंह चौहान, नांगल चौधरी खंड प्रधान चरणसिंह बडेसरा, महेंद्रगढ़ खंड प्रधान विक्रमसिंह अकोदा, जिला उप प्रधान पुष्पा यादव, दिलीप सागरपुर, दीवान सिंह, जिला सचिव नगेंद्र खोश्या, सह सचिव डॉ. महताब सिंह, पवन मंढाणा, सरला यादव, मनीषा देवी, सुरेश हरबला, सतपाल, योगेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

# कर्नल अक्षय माथुर हुए सेवानिवृत्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

- बटालियन मुख्यालय में विदाई समारोह व गार्ड ऑफ ऑनर का आयोजन

16 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल अक्षय माथुर अपनी शानदार सैन्य सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अवसर पर बटालियन मुख्यालय में विदाई समारोह व गार्ड ऑफ ऑनर का आयोजन किया गया। कर्नल अक्षय माथुर ने अपने कार्यकाल के दौरान एनसीसी कैडेटों के प्रशिक्षण व अनुशासन में महत्वपूर्ण सुधार किए। उनके नेतृत्व में बटालियन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कर्नल अक्षय माथुर ने कहा कि एनसीसी के साथ सेवा करना एक गौरवपूर्ण अनुभव रहा है। कैडेटों का समर्पण व प्रतिभा देश के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। समारोह के दौरान सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्नल को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कर्नल राकेश पुनीया, सूबेदार मेजर दानाराम गुर्जर ने बटालियन की तरफ से ससम्मान विदाई दी। समारोह में एएनओ मेजर विरेंद्र कुमार सेकवाल, मेजर नीरज चौहान, लेफ्टिनेंट विक्रम सिंह, लेफ्टिनेंट भारत भूषण, लेफ्टिनेंट अशोक, डॉ. सपना, बटालियन हवलदार मेजर कमल, विजय, सूबेदार जसवीर सिंह, सूबेदार रघुवीर सिंह, सूबेदार अर्जुन सिंह, ड्रिल अनुदेशक सुरेंद्र, बटालियन सहायक गौरव यादव आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** सेवानिवृत्ति पर विदाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# वरिष्ठ नागरिकों और संस्थाओं को राज्य पुरस्कार से सम्मानित करेगी सरकार

- संस्थागत श्रेणियों में एक लाख व व्यक्तिगत श्रेणियों में 50 हजार तक के पुरस्कार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

सरकार बुजुर्गों को मान सम्मान देने और समाज निर्माण में उनके अनुभव का लाभ उठाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि यह योजना समाजसेवा, कला, खेल और बहादुरी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्गों को एक नई पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करेगी। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों जैसे शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता, शौर्य और बहादुरी, आजीवन उपलब्धि के साथ साथ वरिष्ठ पेंटर, मूर्तिकार, संगीतकार और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावाए बुजुर्गों की सेवा में जुटी सर्वश्रेष्ठ पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं, वृद्धाश्रमों और डे केयर सेंटरों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में व्यक्तिगत श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपये तक व संस्थागत श्रेणियों में एक लाख रुपये तक की नकद राशि व सम्मान पत्र भेंट किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं अपनी उपलब्धियों के प्रमाण पत्र व दस्तावेजों सहित विभाग के पोर्टल पर 12 जनवरी रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों या संस्थाओं ने पिछले तीन वर्षों के दौरान यह पुरस्कार प्राप्त किया है, वे उसी श्रेणी में दोबारा आवेदन के पात्र नहीं होंगे। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए संबंधित जिले के जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### पुरस्कार राशि का विवरण

कला व खेल श्रेणियों के लिए प्रथम पुरस्कार 50000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 20000 रुपये निर्धारित है। इसी प्रकार संस्थागत श्रेणियों जैसे श्रेष्ठ पंचायत और एनजीओ के लिए प्रथम पुरस्कार 100000 रुपये, द्वितीय 75000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 50000 रुपये प्रदान किया जाएगा।

---

**जागरूकता** | नववर्ष पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए किया हवन

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी सड़क सुरक्षा की पहली कड़ी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से नववर्ष के अवसर पर सड़क सुरक्षा एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से हवन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट विगत 13 वर्षों से निरंतर सड़क सुरक्षा और जन जागरूकता को समर्पित हवन के माध्यम से समाज को सुरक्षित यातायात के प्रति सजग करने का प्रयास करता आ रहा है। हवन के मुख्य यजमान पवन यादव व मुकेश देवी रहे। यज्ञ का विधिवत संचालन आचार्य अमर सिंह महरानिया व आचार्य नरोत्तम सोनी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं प्रयोजन नरोत्तम सोनी व रवीना सोनी ने अपने पुत्र यूनिक सोनी के जन्मदिन के अवसर पर किया। जिसे उपस्थित जनसमूह ने सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ी एक प्रेरणादायी पहल बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, प्रो. चंद्र मोहन, शिक्षाविद संजय मान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त दिनेश शर्मा प्राचार्य, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, दिनेश शर्मा सीए, दिनेश कौशिक, पवन यादव, रामसिंह मधुर, राजेश यादव आरएसओ, राकेश शर्मा, भीम सेन, ईश्वर सिंह यादव, यूनिक सोनी, पवन अरोड़ा, गौतम मिगलानी, अजय शर्मा ट्रस्टी व सुनील चुघ ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। ट्रस्टी डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज व राकेश शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी सड़क सुरक्षा की पहली कड़ी हैं और उनके सतत प्रयासों से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। दिनेश कुमार प्राचार्य कार्यक्रम मे उपस्थित ने यातायात नियमों के पालन व सुरक्षित ड्राइविंग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।



**नारनौल।** महावीर चौक पर हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैफिक पुलिसकर्मी सम्मानित

कार्यक्रम के दूसरे चरण में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा एवं ट्रस्टी अजय शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष ट्रस्ट की ओर से बेहतरीन ट्रैफिक सेवाओं के लिए सड़क सुरक्षा प्रहरी सम्मान प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में महावीर चौक पर तैनात एएसआई बस्तीराम को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही चौक पर तैनात सभी ट्रैफिक कर्मियों को भी ट्रस्ट के सौजन्य से सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई।

---

- उत्तरी बर्फीली सर्द हवाओं से दिन व रात का तापमान में आई गिरावट

# बिखराव वाली हल्की बारिश से हुआ नववर्ष का आगाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

जिले में वीरवार को पश्चिमी मौसम प्रणाली का असर साफ तौर पर देखने को मिला। सम्पूर्ण इलाके में नववर्ष का आगाज बिखराव वाली हल्की बारिश व बूंदाबांदी से हुआ। हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों ने ठंड के तेवरों को प्रचंड बना दिया है।

हाड़कंपा देने वाली ठंड के रूप रंग देखने को मिले। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी जारी है व मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हल्की बारिश व बूंदाबांदी ने सम्पूर्ण इलाके में मौसम के मिजाज को बदल दिया।

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रात्रि तापमान में हल्की बढ़त, जबकि सम्पूर्ण इलाके में बादलों की आवाजाही व जबरदस्त तरीके से धुंध कोहरा देखने को मिला। जिसकी वजह से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में भी गिरावट आई। तेज गति की हवाओं ने मौसम में सिहरन व ठिठुरन बढ़ी। जिसने आमजन को कंपकंपाने को मजबूर कर दिया। सायं तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दक्षिणी पूर्वी हवाएं चली।

### बूंदाबांदी से तापमान में आई गिरावट

वहीं शुक्रवार को हरियाणा के केवल उत्तरी जिलों पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर में मौसम प्रणाली का असर से हल्की बारिश व बूंदाबांदी की गतिविधियों की सम्भावना है। रात्रि को यह मौसम प्रणाली हरियाणा एनसीआर दिल्ली से आगे निकल जाएगी, जिसकी वजह रात के बाद एक बार फिर से उत्तरी बर्फिली सर्द हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में दिन व रात का पारा लुढ़कने लगेगा। जिससे आगामी दिनों में शीतलहर व धुंध कोहरा सम्पूर्ण इलाके को अपने आगोश में समा लेगा, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में नमी की मात्रा में बढ़ोतरी हुई है, साथ ही उत्तरी बर्फीली सर्द हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में दिन व रात का तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान में हल्की बढ़त, जबकि दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली। जिले में मौसम प्रणाली का असर साफ तौर पर देखने को मिला। जिला महेंद्रगढ़ में अलसुबह बिखराव वाली हल्की बारिश व बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट आई। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन और रात का तापमान क्रमशः 16.0 व 5.5 डिग्री सेल्सियस तथा 15.6 व 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।